# भारतीय रिज़र्व बैंक
# RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## विज्ञापन सं. 1/सहायक/2012-13
## भारतीय रिज़र्व बैंक में सहायकों की भर्ती

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) में सहायक के पद के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित हैं। ऑनलाइन आवेदनपत्र भरने के लिए उम्मीदवार नीचे बताए गए लिंक पर क्लिक करें।

**1. आवेदन पत्र**

आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को यह निश्चित कर लेना चाहिए कि वे पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं।

उम्मीदवारों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर ऑनलाइन आवेदन करें।

**हेल्पलाइन : फॉर्म भरने में, फीस के भुगतान या कॉल लैटर प्राप्त करने में कोई समस्या हो तो 022-29687111 या ibpso@ibps.in पर सम्पर्क करें।**

**ईमेल भेजते समय विषय अवश्य लिखें** – 'RBI Assistant Examination'

**महत्वपूर्ण तारीखें :–**

| | | |
|---|---|---|
| **वेबसाइट लिंक खुला रहेगा** | | **30.05.2013 से 20.06.2013 तक** |
| **परीक्षा फीस का भुगतान** | **ऑनलाइन** | **30.05.2013 से 20.06.2013 तक** |
| | **बैंक शाखाओं में** | **03.06.2013 से 24.06.2013 तक** |
| **ऑनलाइन परीक्षा की तारीख** | | **20.07.2013, 21.07.2013, 27.07.2013, 28.07.2013** |

| क्र. | कार्यालय | रिक्तियां | | | | | पीडब्ल्यूडी # | | | एक्स # | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अजा | अजजा | अपिव | सामान्य | कुल | वीएच | एचआई | ओएच | एक्स-1 | एक्स -2 |
| 1 | अहमदाबाद | 2 | 0 | 6 | 17 | 25 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 2 | बेंगलूर | 5 | 2 | 8 | 16 | 31 | 0 | 0 | 1 | 1 | 3 |
| 3 | भोपाल | 5 | 2 | 5 | 13 | 25 | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 4 | भुवनेश्वर | 3 | 5 | 2 | 10 | 20 | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 5 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 5 | 15 | 20 | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 6 | चेन्नै | 9 | 0 | 8 | 18 | 35 | 0 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 7 | गुवाहाटी | 2 | 5 | 5 | 13 | 25 | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 8 | हैदराबाद | 3(1) | 0 | 8 | 12 | 23 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 9 | जयपुर | 3 | 2 | 3 | 9 | 17 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 10 | जम्मू | 3 | 2(1) | 1 | 10 | 16 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 11 | कानपुर और लखनऊ | 8(3) | 0 | 6 | 11 | 25 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 12 | कोलकाता | 9 | 14 | 8 | 19 | 50 | 1 | 0 | 0 | 2 | 5 |
| 13 | मुम्बई | 22 | 7 | 0 | 102 | 131 | 1 | 1 | 2 | 6 | 13 |
| 14 | नागपुर | 7 | 0 | 0 | 8 | 15 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 15 | नई दिल्ली | 7(3) | 0 | 8 | 13 | 28 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 |
| 16 | पटना | 6 | 1 | 5 | 12 | 24 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 17 | तिरुवनंतपुरम और कोच्चि | 0 | 0 | 1 | 14 | 15 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 |
| | **जोड़** | **94** | **40** | **79** | **312** | **525** | **3** | **2** | **8** | **24** | **49** |

बैक्रेट ( ) की रिक्तियाँ बैकलॉग सूचित करती हैं।

संक्षेपाक्षर इस प्रकार हैं : अजा – अनुसूचित जाति, अजजा – अनुसूचित जनजाति, अपिव – अन्य पिछड़ा वर्ग, सामा – सामान्य, अर्थात अनारक्षित, पीडब्ल्यूडी – शारीरिक अक्षमता वाले व्यक्ति, वीएच – दृष्टि बाधित, एचआई – श्रवण बाधित, ओएच–अस्थि विकलांगता, एक्स–भूतपूर्व सैनिक, एक्स–1–विकलांग भूतपूर्व सैनिक / सैन्य कार्रवाई में मृत सैनिकों के आश्रित, एक्स–2–भूतपूर्व सैनिक (सामान्य)

#शारीरिक अक्षमता वाले व्यक्तियों /भूतपूर्व सैनिकों के लिए क्षैतिज आरक्षण है और विभिन्न वर्गों के लिए रिक्तियों में शामिल हैं। जिन कार्यालयों में शारीरिक अक्षमता वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षित रिक्तियां नहीं है उनमें आवेदन करने वाले शारीरिक रुप से अक्षम उम्मीदवारों को उच्चतम आयु सीमा में शारीरिक अक्षमता वाले उम्मीदवारों हेतु निर्धारित रियायत दी जाएगी। इसी प्रकार यदि भूतपूर्व सैनिक ऐसे राज्यों में आवेदन करते हैं जहां उनके लिए आरक्षित रिक्तियां नहीं हैं तो वे केवल अपने मूल वर्ग (अजा/अजजा/अपिव) के लिए आयु सीमा में रियायत के पात्र होंगे।

**परिणामों को अंतिम रुप देते समय सरकार के विद्यमान दिशानिर्देशों के तहत विभिन्न वर्गों हेतु आरक्षण दिया जाएगा।**

**2. परिभाषा :**

**i) भूतपूर्व सैनिक**

केवल उन्हीं उम्मीदवारों को भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा जो भारत सरकार, गृह मंत्रालय, कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा 27 अक्तूबर 1986 को जारी अधिसूचना संख्या 36034/5/85/Estt(SCT),समय–समय पर यथासंशोधित, में निर्धारित संशोधित परिभाषा की शर्तों को पूरा करते हैं।

**विकलांग भूतपूर्व सैनिक :** ऐसे सैनिक जो संघ के सशस्त्र बलों में सेवा के दौरान शत्रु अथवा उपद्रवग्रस्त क्षेत्रों में सैन्य कार्रवाई के दौरान विकलांग हुए हो– उन्हें विकलांग भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा।

**सैन्य कार्रवाई में मृत सैनिकों के आश्रित**

निम्नलिखित सैन्य कार्रवाई में मारे गए सैनिकों के लिए माना जाएगा कि वे सैन्य सेवा के दौरान कार्रवाई में मारे गए (क) युद्ध, (ख) युद्ध जैसी सैन्य कार्रवाई या पाकिस्तान या किसी अन्य देश के साथ युद्ध विराम रेखा पर झड़प (ग) नागालैन्ड, मिजोरम आदि में विद्रोही हालात से निपटने में सशस्त्र विरोधियों से लड़ते हुए (घ) विदेशों में शांति सेना मिशन में सेवा के दौरान (ड) बारुदी सुरंगें बिछाने और शत्रुओं की बारुदी सुरंगों को हटाने सहित सैन्य कार्रवाई पूरी होने के एक माह पहले और तीन माह बाद की अवधि के बीच बारुदी सुरंगों को हटाने के साथ–साथ कारवाई के दौरान (च) वास्तविक सैन्य कार्रवाई या सरकार द्वारा निर्दिष्ट अवधि के दौरान शीत–दंश (छ) अर्ध–सैन्य बलों के भड़के हुए कार्मिकों से निपटने और (ज) श्रीलंका में भारतीय शांति सेना के मारे गए कार्मिक।

नोट :

1) ऐसे उम्मीदवार जो सैन्य बलों से सेवानिवृत्त / कार्यमुक्त हुए हैं या जिनकी एसपीई 30.05.2014 को या उससे पहले पूरी होनी संभावित है, केवल वे ही इस भर्ती के लिए आवेदन भेजने के पात्र हैं। उनसे यह भी अपेक्षित होगा कि रिज़र्व बैंक में कार्य ग्रहण करते समय कार्यमुक्ति का पत्र और स्व–घोषणा पत्र प्रस्तुत करें कि वह भारत सरकार के नियमों के अनुसार भूतपूर्व सैनिक को प्राप्य लाभों का पात्र है। ऐसे उम्मीदवार जो अपने नियोजन की आरंभिक अवधि पहले ही पूरी कर चुके हों और विस्तारित नियोजन के तहत सेवा में हों उन्हें उस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। ऊपर बताए गए उम्मीदवारों का यदि चयन हो जाता है तो उन्हें 30.06.2014 को या उससे पहले कार्यमुक्त होकर रिज़र्व बैंक में कार्यभार ग्रहण करना होगा। ऐसे सभी उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाणपत्रों के प्रारुप अनुलग्नक–II में दिए गए हैं और ये प्रमाणपत्र साक्षात्कार के समय अनिवार्य रुप से प्रस्तुत करने होंगे।
2) तारीख 15.11.1986 से टेरिटोरियल आर्मी कार्मिकों को भूतपूर्व सैनिक माना गया है।
3) यदि कोई भूतपूर्व सैनिक पुन: रोजगार प्राप्त करने के लिए मिलने वाले लाभों को प्राप्त करने के बाद सिविल साइड में सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुका है, तो सरकारी सेवा में पुन: रोजगार के प्रयोजन से उसका भूतपूर्व सैनिक दर्जा समाप्त हो जाएगा।
4) सैन्य कार्रवाई में मृत–सैनिकों के आश्रित आरक्षण के पात्र होंगे। विकलांग भूतपूर्व सैनिकों और सैन्य कार्रवाई में मृत–सैनिकों के आश्रितों, दोनों के लिए कुल रिक्तियों में 4.5 प्रतिशत रिक्तियां आरक्षित हैं। नियुक्ति के मामले में पहली वरीयता विकलांग भूतपूर्व सैनिकों को दी जाएगी और दूसरी वरियता सैन्य कार्रवाई में मारे गए रक्षा कर्मी या अत्यधिक विकलांग हो चुके (रक्षा सेवाओं में कार्य के दौरान 50 प्रतिशत से ज्यादा विकलांगता होने) सैनिकों के दो परिवारों में से आश्रितों को दी जाएगी। इस रियायत के प्रयोजन से सैनिक की विधवा, पुत्र, पुत्री या सैनिक के परिवार की मदद को सहमत उसके किसी निकट संबंधी को परिवार का सदस्य माना जाएगा। भूतपूर्व सैनिक / विकलांग हुए भूतपूर्व सैनिक को उच्चतम आयुसीमा और शैक्षणिक अर्हताओं में मिलने वाली रियायत सैन्य कार्रवाई में मृत सैनिकों के आश्रितों को नहीं मिलेगी।

**3. निशक्त जनों के लिए आरक्षण**

**क: विकलांग व्यक्ति :**

(i) अस्थि –विकलांगता वाले व्यक्ति वे हैं जिन्हें अस्थि–दोष या रचना के कारण अस्थियों, पेशियों और शरीर के जोड़ों के सामान्य संचालन में बाधा आती है। इस मामलों में अक्षमता की डिग्री न्यूनतम 40 प्रतिशत होनी चाहिए।

(ii) श्रवण बाधित व्यक्ति वे हैं जिनमें सहज जीवन के प्रयोजन के लिए जरुरी श्रवण क्षमता नहीं है। यहां तक कि ये लोग बहुत ऊँची ध्वनियां भी सुनने, समझने में बिलकुल सक्षम नहीं होते हैं। इस वर्ग में वे लोग आएंगे जिनके बेहतर कान में 60 डेसिबल से अधिक की श्रवण क्षमता नष्ट हो चुकी है (गंभीर अक्षमता) या दोनो कानों से सुनाई नहीं देता है।

(iii) दृष्टि से अक्षम उम्मीदवार के रुप में विचार किए जाने के लिए उम्मीदवार में निम्नलिखित में से कोई एक अक्षमता होनी चाहिए :

(क) पूर्णतया दृष्टिहीन।

(ख) बेहतर आँख में करेक्टिंग लेन्स लगाकर दृष्टि क्षमता 6/60 या 20/200 (स्नेलेन) से अधिक नहीं हो।

(ग) दृष्टि का दायरा सम्मुख में 20 डिग्री या इससे खराब की सीमा में आता हो।

(iv) शारीरिक अक्षमता वाले उम्मीदवारों के पास इस आशय का नवीनतम प्रमाणपत्र होना चाहिए जो भारत सरकार / राज्य सरकार के विभाग / अस्पताल द्वारा जारी किया गया हो।

(v) निम्नलिखित शारीरिक अक्षमता वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं –ओए – एक भुजा प्रभावित (दाहिनी या बांई) ; बीएल – दोनों टांगें प्रभावित लेकिन भुजाएं प्रभावित नहीं; ओएल – एक टाँग प्रभावित (दाहिनी या बांई); पीडी – आंशिक बधिरता ; डी–बधिर ; बी–दृष्टिहीन; एलवी – न्यून दृष्टि।

**नोट :** कुल अधिसूचित रिक्तियों की संख्या के भीतर ही नि:शक्तता के तीनों वर्गों में से किसी भी वर्ग से संबंधित विकलांग उम्मीदवारों (जो उपरोल्लिखित स्पष्टीकरण के अनुसार पद के लिए पात्र हैं) पर चयन के लिए विचार किया जाएगा बशर्ते वे योग्य हों, यह चयन विकलांगों हेतु रिक्तियों के बैकलॉग को भरने के लिए इस विज्ञापन में विकलांगों हेतु अधिसूचित / अधिसूचित नहीं की गई रिक्तियों से अधिक के लिए किया जाएगा।

**ख. विकलांगों द्वारा लेखन सहायता के प्रयोग हेतु दिशानिर्देश**

दृष्टिहीन उम्मीदवार / न्यून दृष्टि वाले उम्मीदवार और दोनों हाथों और दोनों भुजाओं में लोकोमोटोर अक्षमता वाले उम्मीदवार और ऐसे उम्मीदवार जिनकी लेखन गति प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात के कारण प्रभावित है वे ऑनलाइन परीक्षा के दौरान अपने खर्चे पर लेखन हेतु सहायता ले सकते हैं। यदि लेखन में किसी की सहायता ली जाती है तो ऐसे सभी मामलों में निम्नलिखित नियम लागू होंगें :

i) उम्मीदवार को अपने खर्चे पर अपने लिए लेखन–सहायक की व्यवस्था करनी होगी।

ii) ऐसा लेखन–सहायक किसी भी एकेडेमिक डिसीप्लिन से हो सकता है।

iii) उम्मीदवारऔर लेखन सहायक को निर्धारित प्रपत्र में समुचित वचनपत्र देना होगा तथा साथ में लेखन सहायक का पासपोर्ट आकार का फोटो भी देना होगा। इसके अलावा यदि बाद में ज्ञात होता है कि वह निर्धारित मानदंडों में से कोई भी मानदंड पूरा नहीं करता है या कुछ वास्तविक तथ्य छिपाए गए हैं तो आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त हो जाएगी, ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम चाहे कुछ भी हो। ***वचनपत्र का प्रोफोर्मा भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है।***

iv) लेखन सहायक का उपयोग करने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए 20 मिनट प्रतिपूरक के तौर पर दिए जाएंगे।

लेखन हेतु सहायक के प्रयोग की अनुमति भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, निशक्तता संबंधी कार्य विभाग, नई दिल्ली द्वारा 26 फरवरी 2013 को जारी कार्यालय ज्ञापन एफ सं. 16-110/2003-DDIII दिशानिर्देशों के अनुसार दी जाएगी।

**4 पात्रता मानदंड :**

**(क) आयु (01-05-2013 को) :**

आयु 18 और 28 वर्ष के बीच हो, अर्थात केवल वही उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र होंगे जिनका जन्म 02/05/1985 से पहले और 01/05/1995 के बाद (दोनों दिन शामिल हैं) नहीं हुआ हो।

**उच्चतर आयु सीमा में रियायत :**

**उच्चतर आयु सीमा में निम्नानुसार रियायत दी जाएगी :**

| **क्रमांक** | | **वर्गउच्चतर आयु सीमा में छूट** |
|---|---|---|
| (i) | अनूसुचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अजा/अजजा) | 5 वर्ष अर्थात 33 वर्ष तक |
| (ii) | अन्य पिछ्डा वर्ग (अपिव) | 3 वर्ष अर्थात 31 वर्ष तक |
| (iii) | शारीरिक अक्षमता वाले व्यक्ति | 10 वर्ष (सामान्य) 13 वर्ष (अपिव) और 15 वर्ष (अजा/अजजा) |
| (iv) | भूतपूर्व सैनिक | सशस्त्र सेनाओं में की गई कुल सेवा की अवधि में तीन साल जोड़ते हुए, लेकिन अधिकतम आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं। |
| (v) | विधवाएं / तलाकशुदा महिलाएं / कानूनी तौर पर अलग रह रही महिलाएं जिन्होंने पुन: विवाह नहीं किया है | 10 वर्ष |

**नोट : उक्त प्रकारों या इनके साथ कोई और प्रकार मिलाते हुए आयुसीमा में संचयी छूट नहीं दी जाएगी।**

**आयु में रियायत चाहने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय आवश्यक प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियां प्रस्तुत करनी होंगी।**

**(ख) शैक्षणिक योग्यता (01-05-2013 को) :**

(i) **किसी भी विषय** में न्यूनतम सकल 50% अंकों (अजा/अजजा/विकलांग उम्मीदवारों के मामले में उत्तीर्णांक) सहित स्नातक डिग्री और पीसी पर वर्ड प्रोसेसिंग का ज्ञान।

(ii) भूतपूर्व सैनिकों के वर्ग से संबंधित उम्मीदवारों को या तो किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होना चाहिए या फिर सशस्त्र सैन्य बलों के मैट्रिकुलेशन या इसके समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए और रक्षा सेवाओं में वे न्यूनतम 15 वर्ष की सेवा कर चुके हों।

(iii) उम्मीदवार जिस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विशेष में आवेदन करना चाहता है उस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की राजभाषा में दक्ष होना चाहिए – अर्थात भाषा पढ़ना, लिखना, बोलना और समझना जानता हो।

**(ग) चयन की स्कीम :**

ऑन लाइन परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। ऑन लाइन परीक्षा 200 अंकों की होगी और यह परीक्षा संभवतया 20.7.2013, 21.07.2013, 27.07.2013, 28.07.2013 को होगी।

| **क्रमांक** | **परीक्षा का नाम (वस्तुनिष्ठ)** | **प्रश्नों की संख्या** | **अधिकतम अंक** | **कुल समय** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तर्क शक्ति परीक्षण | 40 | 40 | 2 घन्टे |
| 2. | अंग्रेजी भाषा – परीक्षण | 40 | 40 | |
| 3. | अंकीय योग्यता का परीक्षण | 40 | 40 | |
| 4. | सामान्य ज्ञान परीक्षण | 40 | 40 | |
| 5. | कम्प्यूटर ज्ञान का परीक्षण | 40 | 40 | |
| | **कुल** | **200** | **200** | |

i) अंग्रेजी भाषा के परीक्षण के अलावा सभी प्रश्नपत्र द्विभाषी अर्थात अंग्रेजी और हिन्दी में होंगे।

ii) उम्मीदवार को प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षण अलग–अलग उत्तीर्ण करना होगा। वस्तुनिष्ठ परीक्षण में गलत उत्तरों के लिए नकारात्मक अंक दिए जाएंगे। प्रत्येक गलत जवाब के लिए ¼ अंक काटे जाएंगे। उम्मीदवार को प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

iii) परीक्षा के बारे में अन्य विस्तृत जानकारी सूचना के हैन्डआउट में दी जाएगी, उम्मीदवारों कों रिज़र्व बैंक की वेबसाइट से परीक्षा हेतु कॉल लैटर डाउनलोड करने के साथ यह हैन्डआउट भी डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा।

iv) ऑनलाइन परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के रोल नंबर बैंक की वेबसाइट पर देखे जा सकेंगे और इस आशय की संक्षिप्त सूचना अगस्त 2013 के अंत में प्रमुख अखबारों में प्रकाशित की जाएगी।

v) वस्तुनिष्ठ परीक्षणों में कुल प्राप्तांकों में पर्याप्त रुप से उच्च मैरिट पाने वाले उम्मीदवारों को पर्याप्त संख्या में साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, इस मैरिट का निर्धारण बैंक द्वारा निर्धारित रिक्तियों के संबंध में निर्णय के आधार पर होगा।

vi) लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में उम्मीदवार के निष्पादन के आधार पर मैरिट के अनुसार अंतिम चयन किया जाएगा।

**(घ) अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण**

भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसरण में रिज़र्व बैंक सीमित संख्या में अजा/अजजा/विकलांगों के लिए कुछ केन्द्रों पर परीक्षापूर्व प्रशिक्षण का आयोजन कर सकता है। उक्त वर्गों के जो उम्मीदवार यह प्रशिक्षण लेने के इच्छुक हैं वे **जिस केन्द्र से आवेदन कर रहे हैं वहीं पर भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय से पत्राचार कर सकते हैं।** प्रशिक्षण केन्द्रों की नीचे बताई गई सूची सूचनात्मक है। परीक्षापूर्व प्रशिक्षण का विकल्प चुनने वाले उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के बारे में क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा सूचित किया जाएगा। परीक्षापूर्व प्रशिक्षण के लिए संबंधित केन्द्र पर परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को यात्रा, बोर्डिंग, लाजिंग आदि के सभी खर्चे स्वयं करने होंगे। प्रतिक्रिया और प्रशासनिक व्यवहार्यता के आधार पर किसी भी परीक्षापूर्व प्रशिक्षण केन्द्र को रद्द करने और / या कुछ और केन्द्र जोड़ने और / या वैकल्पिक व्यवस्था का अधिकार सुरक्षित रहेगा। परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण हेतु आवेदनपत्र का प्रारुप भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**कार्यालयों के पते :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भारतीय रिज़र्व बैंक, आश्रम रोड, अहमदाबाद – 380014. | भारतीय रिज़र्व बैंक, 10/3/08, नृपतुंग रोड, बेंगलुर – 560 001. | भारतीय रिज़र्व बैंक, होशंगाबाद रोड, भोपाल – 462011. | भारतीय रिज़र्व बैंक, पं. जवाहरलाल नेहरु मार्ग, भुवनेश्वर–751 001. |
| भारतीय रिज़र्व बैंक, सेन्ट्रल विस्टा, टेलिफोन भवन के सामने, सेक्टर 17, चंडीगढ़ – 160017. | भारतीय रिज़र्व बैंक, फोर्ट ग्लेसिस, 16 राजाजी सलै, चैन्नै–600001. | भारतीय रिज़र्व बैंक, स्टेशन रोड, पानबाजार, गुवाहाटी –781001. | भारतीय रिज़र्व बैंक, 6-1-56, सचिवालय रोड, सैफाबाद, हैदराबाद – 500 004. |
| भारतीय रिज़र्व बैंक, रेल हेड कॉम्प्लेक्स, जम्मू – 180012. | भारतीय रिज़र्व बैंक, रामबाग सर्किल, टोंक रोड, जयपुर –302052. | भारतीय रिज़र्व बैंक, महात्मा गांधी रोड, कानपुर – 208001. | भारतीय रिज़र्व बैंक, 15, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता – 700 001. |
| भारतीय रिज़र्व बैंक, मुख्य भवन शहीद भगत सिंह मार्ग, मुम्बई – 400001. | भारतीय रिज़र्व बैंक, मुख्य भवन, डॉ. राघवेन्द्र राव रोड, सिविल लाइन, नागपुर – 440 001. | भारतीय रिज़र्व बैंक, साउथ गांधी मैदान, पटना – 800 001. | भारतीय रिज़र्व बैंक, 6, संसद मार्ग, नई दिल्ली –110 001. |
| भारतीय रिज़र्व बैंक, बेकरी जंक्शन, तिरुवनंतपुरम – 695 033. | | | |

**5. परीक्षा केन्द्र :**

(i) भारत में विभिन्न केन्द्रों पर परीक्षा का ऑनलाइन आयोजन किया जाएगा। परीक्षा केन्द्रों की सूची अनुलग्नक III में दी गई है।

(ii) तथापि प्रतिक्रिया, प्रशासनिक सुलभता इत्यादि के परिप्रेक्ष्य में परीक्षा केन्द्रों को रद्द तथा / अथवा केन्द्रों को जोडने का अधिकार भारतीय रिज़र्व बैंक के पास सुरक्षित रहेगा।

(iii) उम्मीदवारों को यथासंभव उनकी पसंद का केन्द्र ही आबंटित किया जाएगा तथापि भारतीय रिज़र्व बैंक के पास यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह किसी उम्मीदवार को उसके द्वारा चयनित केन्द्र के अलावा कोई अन्य केन्द्र आबंटित करे तथा **किसी उम्मीदवार को उस राज्य / संघ शासित प्रदेश से बाहर कोई परीक्षा केन्द्र आबंटित करे जहाँ की रिक्ति के लिए उसने आवेदन किया हो।**

(iv) उम्मीदवार परीक्षा केन्द्र पर अपने जोखिम तथा खर्चे पर परीक्षा के लिए उपस्थित हों और भारतीय रिज़र्व बैंक किसी भी प्रकार के हादसे अथवा हानि इत्यादि के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

(v) परीक्षा केन्द्र बदलने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

**6. सेवा की शर्तें / कैरियर संभावनाएं :**

(i) **वेतन मान :**

चयनित उम्मीदवारों को ₹8,040-410-9270-500-11, 270-550-13, 470-650-15, 420-720-16, 140-990-20, 100 (20 वर्ष) के वेतनमान में आरंभ में ₹ 8,860/– प्रतिमाह (अर्थात ₹8,040/– में दो वेतन वृद्धियां देते हुए, जो केवल स्नातकों को अनुमेय होंगी) और समय समय पर स्वीकार्य अन्य भत्ते अर्थात मंहगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता, शहर प्रतिपूर्ति भत्ता, परिवहन भत्ता आदि दिया जाएगा। वर्तमान में सहायकों के लिए आरंभिक मासिक सकल परिलब्धियां लगभग ₹21,419/– हैं।

(ii) **अतिरिक्त सुविधाएं :**

उपलब्धता के आधार पर बैंक का आवास, पात्रता के अनुसार कार्यालयीन प्रयोजनों से वाहन के रखरखाव पर व्यय की प्रतिपूर्ति, अख़बार, ब्रीफकेस, पुस्तक अनुदान, आवास सज्जा के लिए भत्ते आदि। पात्रता के अनुसार ओपीडी इलाज/अस्पताल में रहकर इलाज कराने के लिए मेडिकल व्यय की प्रतिपूर्ति के अलावा डिसपेंसरी सुविधा, ब्याज मुक्त त्यौहार अग्रिम, छुट्टी किराया रियायत (स्वयं के लिए, पति या पत्नी और पात्र आश्रितों के लिए दो वर्ष में एक बार)। आवास, कार, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तुओं, पर्सनल कम्प्यूटर, आदि के लिए ब्याज की रियायती दरों पर ऋण और अग्रिम। भर्ती कर लिए गए उम्मीदवारों को ग्रेच्युटी के अलावा निश्चित अभिदान वाली नवीन पेंशन स्कीम के तहत रखा जाएगा। इस पद के लिए कुल वेतन और भत्तों के साथ देय अतिरिक्त सुविधाओं को मिलाकर (आवास के अलावा) बैंक पर न्यूनतम ₹ 2,90,000 (लगभग) वार्षिक की लागत आती है।

(iii) उच्चतर ग्रेड में पदोन्नति की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

(iv) चयनित उम्मीदवारों को आरंभ में बैंक के उसी भर्ती क्षेत्र में स्थित कार्यालय में पोस्ट किया जाएगा, जिसमें उन्होंने आवेदन किया था। तथापि, प्रशासनिक जरुरतें होने पर उन्हें पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में स्थानांतरित किया जा सकता है, इन चारों क्षेत्रों में कार्यालय इस प्रकार हैं :

**(क) पश्चिमी क्षेत्र**

– अहमदाबाद, भोपाल (रायपुर सहित), मुम्बई (बेलापुर सहित), नागपुर, पुणे और पणजी।

**(ख) दक्षिणी क्षेत्र**

– बैंगलूरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोच्चि और तिरुवनंतपुरम।

**(ग) उत्तरी क्षेत्र**

– चंडीगढ़ (शिमला सहित), जयपुर, जम्मू/श्रीनगर, कानपुर, लखनऊ (देहरादून सहित) और नई दिल्ली।

**(घ) पूर्वी क्षेत्र**

– भुवनेश्वर, गुवाहाटी (पूर्वोत्तर के सभी राज्यों सहित), कोलकाता और पटना (रांची सहित)।

*(अगले पृष्ठ पर जारी)*

(पिछले पृष्ठ से आगे जारी)



**7. आवेदन कैसे करें :**

उम्मीदवार 30.05.2013 से 20.06.2013 तक केवल ऑनलाइन ही आवेदन कर सकेंगें तथा आवेदन का कोई अन्य माध्यम स्वीकार्य नहीं होगा।

**ऑनलाइन आवेदन के लिए पूर्वापेक्षाएं**

(i) ऑनलाइन आवेदन से पहले, उम्मीदवार अपने फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर को यह सुनिश्चित करते हुए स्कैन कर लें कि वे इस विज्ञापन के अनुलग्नक 1 में अपेक्षित विनिर्देशों के अनुसार हैं।

(ii) यदि उम्मीदवार आवेदन शुल्क का **ऑनलाइन भुगतान** करना चाहते हों तो आवश्यक जानकारी / दस्तावेज तैयार रखें।

(iii) **ऑफलाइन भुगतान अर्थात सीबीएस** के मामले में उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन करना होगा, शुल्क भुगतान का चालान लेना होगा और तब आवश्यक आवेदन शुल्क का प्रेषण करना होगा।

(iv) उम्मीदवार के पास एक वैध व्यक्तिगत ई–मेल आईडी होनी चाहिए, जिसे इस भर्ती प्रक्रिया के परिणामों की घोषणा तक सक्रिय रखा जाना चाहिए। भारतीय रिज़र्व बैंक कॉल लेटर डाउनलोड करने की सूचना ई–मेल तथा एसएमएस के माध्यम से भेजेगा। किसी भी परिस्थिती में उम्मीदवार अपनी ई–मेल आईडी किसी दूसरे के साथ शेयर नहीं करें / किसी दुसरे व्यक्ति की ई–मेल आईडी का उल्लेख नहीं करें। यदि किसी उम्मीदवार के पास वैध व्यक्तिगत ई–मेल आईडी नहीं हो, तो उसे चाहिए कि ऑन लाइन आवेदन करने से पहले अपना नया ई–मेल आईडी बनाए तथा उस ईमेल एकाउन्ट को बरकरार रखें।

**आवेदन शुल्क (लौटाया नहीं जाएगा) :**

अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को रु. 400/– (केवल चार सौ रुपये) के आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। एक बार भुगतान कर दिए गए शुल्क को किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाएगा और भविष्य में किसी भी भर्ती परियोजना के लिए समायोजित नहीं किया जाएगा।

| अजा/अजजा/विकलांग/भूतपूर्व सैनिक/ रिज़र्व बैंक स्टाफ | अपिव/सामान्य आवेदन शुल्क |
|---|---|
| शून्य | रु. 400/–@ |

@ यदि कोई बैंक प्रभार होंगे तो उनका वहन उम्मीदवार करेंगे।

**ऑनलाइन आवेदन भरने का तरीका :**

(1) उम्मीदवार पहले भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in के होम पेज पर जाएं तथा ऑनलाइन आवेदन फार्म खोलने के लिए "Recruitment for the post of Assistant" के लिंक पर क्लिक करें।

(2) उम्मीदवार को अपने बारे में सामान्य जानकारी भरनी होगी तथा ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अपलोड करना होगा। उम्मीदवारों को अनुलग्नक 1 में फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर स्कैन व अपलोड करने के लिए दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अपलोड करना होगा।

**भुगतान का माध्यम**

निर्धारित शुल्क भरने के लिए उम्मीदवारों के पास **ऑनलाइन** तथा **ऑफलाइन** माध्यम का विकल्प रहेगा।

**1. ऑनलाइन माध्यम से शुल्क का भुगतान**

i) उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन में उचित स्थानों पर ध्यानपूर्वक जानकारी देते हुए इसे बहुत ही सावधानी से भरें और ऑनलाइन आवेदन फार्मेट के अंत में दिए हुए "submit" बटन पर क्लिक करें। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि "submit" बटन दबाने से पहले आवेदन में भरे गए प्रत्येक फील्ड को जाँच लें। उम्मीदवार का या उसके पिता/पति आदि का नाम उसी प्रकार से भरा गया हो जैसा कि प्रमाणपत्र / मार्कशीट आदि में दिया गया है। किसी परिवर्तन/अंतर के पाए जाने पर उम्मीदवार अयोग्य ठहराया जा सकता है।

ii) आवेदन –फार्म और पेमेंट गेटवे आपस में एकीकृत हैं, तथा भुगतान प्रक्रिया निर्देशों का पालन करते हुए पूरी की जा सकती है।

iii) स्क्रीन पर माँगी गई सूचना देते हुए केवल मास्टर/वीजा डेबिट या क्रेडिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से ही भुगतान किया जा सकेगा।

iv) यदि उम्मीदवार फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अपलोड करने के बाद ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के द्वारा शुल्क भरना चाहते हैं तो उसके लिए एक अतिरिक्त फार्म प्रदर्शित होगा जहाँ उम्मीदवार निर्देशों का अनुपालन करें और आवश्यक जानकारी भरें।

v) यदि ऑनलाइन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण हो गई है तो एक रजिस्ट्रेशन नम्बर तथा पासवर्ड जेनरेट होगा। उम्मीदवार अपने रजिस्ट्रेशन संख्या तथा पासवर्ड को भविष्य में संदर्भ के लिए नोट करें।

vi) यदि ऑनलाइन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं हुई है तो यह संदेश दिखाई देगा " Your online transaction was unsuccessful. Please register again" उम्मीदवार तब **" Apply Online" लिंक को दुबारा** खोलें तथा अपने आवेदन में ब्यौरे दुबारा भरें।

vii) प्रक्रिया के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर एक **ई–रसीद** जेनरेट होगी।

viii) उम्मीदवार इस **ई–रसीद का प्रिंट निकाल लें**।

ix) असफल प्रक्रिया के दौरान काटे गए शुल्क की राशि उचित अंतराल पर उम्मीदवार के खाते में लौटा दी जाएगी।

नोट :

- ऑनलाइन आवेदन फार्म में भुगतान की जानकारी प्रस्तुत करने के बाद कृपया सर्वर से सूचना की प्रतीक्षा करें, दुगने शुल्क से बचने के लिए कृपया Back अथवा Refresh बटन न दबाएं।
- क्रेडिट कार्ड प्रयोक्ता के लिए : सभी कीमतें भारतीय रुपए में अंकित हैं। यदि आप विदेशी क्रेडिट कार्ड का प्रयोग कर रहें हैं तो आपका बैंक विद्यमान विनिमान दर के अनुसार स्थानीय मुद्रा में परिवर्तन कर देगा।
- आपके डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने लिए कृपया प्रक्रिया पूरी हो जाने पर अपने ब्राउसर–विंडों को बंद कर दें।

**(2) ऑफ लाइन माध्यम से शुल्क का भुगतान (विनिर्दिष्ट बैंक शाखाओं के काउंटरों पर)**

शुल्क का भुगतान नीचे दिए गए **सरकारी क्षेत्र के 7 बैंकों में से किसी भी एक की सीबीएस शाखा** के माध्यम से किया जा सकता हैं :–

बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज़ बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया।

उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन में उचित स्थानों पर ध्यानपूर्वक जानकारी देते हुए बहुत ही सावधानी से भरें और ऑनलाइन आवेदन फार्मेट के अंत में दिए हुए "submit" बटन पर क्लिक करें। उम्मीदवारों को सलाह है कि "SUBMIT" बटन दबाने से पहले आवेदन में भरे गए प्रत्येक फील्ड को जाँच लें। सिस्टम द्वारा एक अनंतिम रजिस्ट्रेशन संख्या तथा पासवर्ड जेनरेट होगा और स्क्रीन पर प्रदर्शित हो जाएगा। उम्मीदवार इस रजिस्ट्रेशन संख्या तथा पासवर्ड को नोट करें। अनंतिम रजिस्ट्रेशन संख्या तथा पासवर्ड का उल्लेख करते हुए ई–मेल तथा एसएमएस भी भेजा जाएगा। उम्मीदवार का या उसके पिता/पति आदि का नाम उसी प्रकार से भरा जाए जैसा कि प्रमाणपत्र/मार्कशीट आदि में दिया गया हो। किसी परिवर्तन /अंतर के पाए जाने पर उम्मीदवार अयोग्य ठहराया जा सकता है।

यदि उम्मीदवार आवेदन फार्म एक बार में नहीं भर पा रहे हों तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी सेव कर लें। जब जानकारी सेव हो जाएगी, सिस्ट्म एक अनंतिम रजिस्ट्रेशन संख्या तथा पासवर्ड जेनरेट करेगा और इसे स्क्रीन पर प्रदर्शित करेगा। उम्मीदवार अनंतिम रजिस्ट्रेशन संख्या तथा पासवर्ड को नोट करें। अनंतिम रजिस्ट्रेशन संख्या तथा पासवर्ड का उल्लेख करते हुए ई–मेल तथा एसएमएस भी भेजा जाएगा। SAVE की हुई जानकारी को अनंतिम रजिस्ट्रेशन संख्या तथा पासवर्ड का प्रयोग करते हुए दुबारा खोला जा सकेगा और यदि आवश्यक हो तो विवरण में परिवर्तन किया जा सकेगा। यह सुविधा केवल तीन बार दी जाएगी। आवेदन एक बार पूरी तरह भरे जाने पर उम्मीदवार जानकारी सबमिट कर सकते हैं। उम्मीदवार सिस्टम द्वारा उत्पन्न शुल्क रसीद का तुरंत प्रिंट लें। सबमिट करने के बाद कोई परिवर्तन / संशोधन नहीं किया जा सकेगा।

**इस चरण तक रजिस्ट्रेशन अनंतिम है।**

**शुल्क का भुगतान :** शुल्क का भुगतान बैंकों की उक्त सूची की सीबीएस शाखाओं में रजिस्ट्रेशन के बाद दूसरे कार्यदिवस से किया जा सकेगा तथा यह तीन कार्य दिवस के भीतर किया जा सकता है। सिस्टम द्वारा जेनरेट किए गए शुल्क भुगतान चालान का प्रयोग शुल्क जमा करने के लिए किए जाए । (उदाहरण : यदि कोई 04.05.2013 को रजिस्टर करता है तो, यह मानते हुए कि 05.05.2013 कार्य दिवस नहीं है, वह 07.05.2013 से 11.05.2013 तक शुल्क जमा कर सकेगा) एक बार शुल्क का भुगतान होते ही रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। बैंक शुल्क, यदि कोई हो, उम्मीदवार वहन करेंगे।

उम्मीदवार रजिस्ट्रेशन की पुष्टि शुल्क के भुगतान की तारीख से दो कार्य दिवस के बाद एसएमएस/ई–मेल के माध्यम से प्राप्त करेंगें। कृपया रजिस्ट्रेशन की पुष्टि प्राप्त करने के लिए सही मोबाइल नम्बर/ईमेल पता भरें।

**नोट : शुल्क का भुगतान करने के तीन दिन के बाद शुल्क विवरण सहित सबमिट किए हुए आवेदन का दुबारा प्रिंट लेने का प्रावधान भी है।**

शुल्क का भुगतान करने सहित ऑन–लाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने पर, **शुल्क भुगतान के तीन दिन** बाद उम्मीदवार सिस्टम द्वारा जनरेट किए गए ऑनलाइन आवेदन फार्म का प्रिंट लें। यह सुनिश्चित करें कि भरी गई जानकारी सही है तथा रजिस्ट्रेशन संख्या तथा पासवर्ड के साथ इसे भविष्य में संदर्भ के लिए रखें। आवेदन फार्म तथा/अथवा शुल्क विवरण का प्रिंट आउट उम्मीदवार अपने पास रखें और इसे किसी पते पर भेजने की आवश्यकता नहीं है।

**कृपया नोट करें कि ऑनलाइन आवेदन में भरी गई जानकारी जिसमें उम्मीदवार का नाम, वर्ग, जन्मतिथि, पता, मोबाइल नंबर, ई–मेल आईडी, परीक्षा केन्द्र इत्यादि सम्मिलित हैं, अंतिम मानी जाएगी और ऑनलाइन आवेदन फार्म SUBMIT कर देने के बाद इसमें कोई परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा। अत: उम्मीदवारों से अनुरोध है कि ऑनलाइन आवेदन अत्यंत सावधानीपूर्वक भरें क्योंकि विवरणों में परिवर्तन के लिए किसी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन फार्म में गलत और अपूर्ण विवरण दिए जाने या आवेदन फॉर्म में अपेक्षित विवरण छूट जाने के परिणामस्वरुप उत्पन्न स्थितियों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक उत्तरदायी नहीं होगा।**

आवेदन का सफलतापूर्ण रजिस्ट्रेशन हो जाने पर जेनरेट हुई रजिस्ट्रेशन संख्या तथा पासवर्ड के बारे में उम्मीदवार के ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में उल्लिखित ई–मेल आईडी/मोबाइल नंबर पर ईमेल/एसएमएस के माध्यम से सिस्टम द्वारा तैयार की गई पावती भेजी जाएगी। **उम्मीदवार द्वारा दिए गए ई–मेल आईडी/ मोबाइल नंबर पर यदि कोई ई–मेल / एसएमएस प्राप्त नहीं हो, तो वे यह मान लें कि उनका ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक रजिस्टर नहीं हुआ है।**

**ऑनलाइन आवेदन, जो किसी भी रुप में अधूरा हो, मान्य नहीं होगा, जैसे ऑनलाइन आवेदन फॉर्म के साथ फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अपलोड नहीं किया गया हो।**

**उम्मीदवारों को उनके अपने हित में सलाह दी जाती है कि अंतिम तारीख से काफी पहले वे ऑनलाइन आवेदन करें और शुल्क जमा करने के लिए अंतिम तारीख की प्रतीक्षा न करें, ताकि इंटरनेट पर भारी लोड / वेबसाइट जाम के कारण भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर लॉगऑन करने में डिस्कनैक्ट/अक्षम/असफल होने की संभावना से बच सकें।**

**उक्त किसी भी कारण से अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के नियंत्रण से बाहर किसी भी कारण से उम्मीदवारों द्वारा अंतिम तारीख के भीतर उनके आवेदन नहीं प्रस्तुत कर पाने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

**कृपया नोट करें कि उक्त प्रक्रिया ही आवेदन करने की वैध प्रक्रिया है। किसी भी अन्य माध्यम से आवेदन अथवा अधूरी प्रक्रिया स्वीकार नहीं की जाएगी।**

आवेदन में भरी गई कोई भी सूचना/विवरण उम्मीदवार के लिए व्यक्तिगत रुप से बाध्यकारी होगी, तथा यदि बाद में पाया जाता है कि उसके द्वारा दी गई जानकारी/विवरण असत्य है तो वह न्यायिक कार्रवाई/सिविल कार्रवाई का भागी होगा/होगी।

**8. सामान्य नियम/अनुदेश :**

i) उम्मीदवार केवल एक राज्य में रिक्तियों के लिए आवेदन कर सकते हैं और उन्हें उस राज्य–विशेष में स्थित किसी सेन्टर से ही ऑनलाइन परीक्षा देनी होगी। उदाहरणार्थ – हैदराबाद केन्द्र के लिए आवेदन करनेवाला उम्मीदवार केवल आन्ध्र प्रदेश से परीक्षा दे सकता है।

ii) ऑनलाइन आवेदन करते समय उम्मीदवारों को **किसी भी पते पर अपने आवेदन का प्रिन्ट या कोई प्रमाणपत्र या इनकी प्रतिलिपियां भेजने की जरुरत नहीं है।** आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर ही आपकी उम्मीदवारी पर विचार किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी असत्य/गलत है या रिज़र्व बैंक के अनुसार उम्मीदवार पात्रता के मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है तो उसकी उम्मीदवारी / नियुक्ति को रद्द /समाप्त कर दिया जाएगा।

iii) सभी शैक्षणिक योग्यताएं भारत या विदेश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों से प्राप्त होनी चाहिए। यदि अंकों के स्थान पर ग्रेड दिए गए हैं तो उम्मीदवारों को चाहिए कि वे ग्रेड का अंकिय समकक्ष स्पष्ट रुप से बताएं।

iv) उम्मीदवारों को उनके हित में सूचित किया जाता है कि अंतिम तारीख आने के काफी पहले ऑनलाइन आवेदन करें और शुल्क के भुगतान के लिए अंतिम तारीख तक प्रतीक्षा नहीं करें ताकि इन्टरनेट पर हैवी लोड या वेबसाइट जाम के कारण वेबसाइट डिसकनेक्ट होने/लॉग ऑन करने में अक्षमता/विफलता जैसी संभावना से बच सकें।

v) आवेदन के लिए पात्रता के बारे में सलाह देने के लिए उम्मीदवारों के किसी भी अनुरोध पर बैंक विचार नहीं करेगा।

vi) **सभी पंजीकृत उम्मीदवारों से अपेक्षित होगा कि वे बैंक की वेबसाइट से ही कॉल–लैटर डाउनलोड करें, यह** कॉल–लैटर उचित समय पर लेकिन ऑनलाइन परीक्षा से काफी पहले उपलब्ध करा दिया जाएगा। **इसकी जानकारी ईमेल/SMS से भी भेजी जाएगी।**

vii) **परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवारों को अपने खर्च पर आना होगा।** हालांकि, साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को उनके निवास/कार्य करने के स्थान में, जो भी समीप हो, से साक्षात्कार के स्थान तक आने और जाने के लिए सबसे छोटे मार्ग से रेलवे से द्वितीय एसी श्रेणी के वास्तविक किराए/बस के किराए की प्रतिपूर्ति यात्रा–साक्ष्य (रेल/बस टिकट/रसीद आदि) प्रस्तुत करने पर की जाएगी।

viii) साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय आयु/योग्यता/वर्ग आदि से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। जो उम्मीदवार अजा/अजजा/अपिव के तौर पर आरक्षण चाहते हैं उन्हें निर्धारित प्रोफार्मे में सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमे स्पष्ट रुप से उम्मीदवार की जाति, अधिनियम/आदेश जिसके तहत उम्मीदवार की जाति को अजा/अजजा/अपिव के तौर पर मान्यता दी गई है और गाँव/कस्बा जहाँ का उम्मीदवार मूल निवासी है, का उल्लेख होना चाहिए।

ix) आयु में रियायत चाहने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय आवश्यक प्रमाणपत्र(त्रों) की प्रतिलिपियाँ प्रस्तुत करनी होंगी।

x) अपिव के तौर पर आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवार को निर्धारित प्रपत्र में घोषणा करनी होगी कि वह साक्षात्कार की तारीख तक क्रीमी लेयर से संबद्ध नहीं है। अपिव प्रमाणपत्र, जिसमें नॉन–क्रीमी वाक्यांश भी निहित हो, 01.07.2013 के बाद जारी किया होना चाहिए।

xi) पहले ही से सरकारी/अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों, जिसमें राष्ट्रीयकृत बैंक और वित्तीय संस्थान शामिल हैं, में कार्यरत उम्मीदवारों को **साक्षात्कार के समय** अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना होगा, ऐसा नहीं करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और यदि कोई यात्रा–खर्च हुआ है जो कि अन्यथा अनुमेय होता, का भुगतान नहीं किया जाएगा। भारतीय रिज़र्व बैंक में नियुक्ति से पहले अपने नियोक्ता से समुचित कार्यमुक्ति का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

xii) ऑनलाइन परीक्षा/साक्षात्कार के समय, यदि उम्मीदवार को निम्नानुसार दोषी पाया जाता है (या पाया गया है) (i) परीक्षा के दौरान अनुचित तरीकों का प्रयोग करने या (ii) किसी दूसरे का वेश धारण करने या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा वेश धारण किए जाने या (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करना या परीक्षा हॉल से प्रश्न पुस्तिका (या उसका कोई भाग) / उत्तर पुस्तिका बाहर ले जाने या (iv) चयन के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी असंगत या अनुचित तरीके का सहारा लेने या (v) अपनी उम्मीदवारी के लिए किसी अनुचित तरीके से समर्थन लेने वाले उम्मीदवार, आपराधिक कार्रवाई के अलावा निम्नलिखित के भागी होंगे :–

क) वह जिस परीक्षा का/की उम्मीदवार है, उसके लिए अयोग्य हो जाएगा/जाएगी,

ख) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आयोजित किसी परीक्षा या भर्ती से स्थायी रुप से या विनिर्दिष्ट अवधि के लिए उसे प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

xiii) भारतीय रिज़र्व बैंक उम्मीदवारों के प्रतिउत्तरों को परीक्षा में बैठे अन्य उम्मीदवारों के प्रतिउत्तरों से मिलाते हुए विश्लेषण करेगा, ताकि एकरुपता के पैटर्न को पकड़ा जा सके। ऐसे विश्लेषण के आधार पर, यदि यह पाया जाता है कि प्रतिउत्तरों को शेयर किया गया है और प्राप्तांक असली/वैध नहीं है, तो भारतीय रिज़र्व बैंक को उसकी उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकारी होगा।

xiv) किसी भी प्रकार की सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा।

xv) रिज़र्व बैंक के साथ सभी पत्राचारों में **आवेदन प्रस्तुत करने के बाद प्राप्त पंजीकरण संख्या और 'प्रवेशपत्र' में दिए गए रोल नंबर** का उल्लेख अवश्य किया जाए।

xvi) पात्रता, परीक्षाओं के आयोजन, साक्षात्कार, आकलन, ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हक मानकों के निर्धारण, रिक्तियों की संख्या और परिणामों को सूचित करने के बारे में बैंक का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा, और इस बारे में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

xvii) जहाँ परीक्षा का आयोजन किया गया है उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर या संचार का कोई भी साधन लाने की अनुमति नहीं है। इन अनुदेशों का कोई भी उल्लंघन भविष्य में परीक्षाओं में बैठने पर प्रतिबंध सहित अयोग्यता का आरोपण करेगा।

xviii) परीक्षा भवन में कैलकुलेटर का प्रयोग करने या इसे अपने पास रखने की अनुमति नहीं है।

xix) उम्मीदवारों को उनके हित में सूचित किया जाता है कि वे मोबाइल फोन/पेजर सहित किसी भी प्रतिबंधित वस्तु को परीक्षा भवन में नहीं लाएं क्योंकि इनके सेफकीपिंग की व्यवस्था नहीं रहेगी।

xx) रिज़र्व बैंक उम्मीदवारों को अंक तालिका नहीं देगा। हालांकि ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार में प्राप्तांकों को अंतिम परिणामों की घोषणा के बाद बैंक की वेबसाइट पर देखा जा सकेगा।

xxi) इन पदों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक (स्टाफ–उम्मीदवार) के वे कर्मचारी भी आवेदन कर सकेंगे।

xxii) इस विज्ञापन और/अथवा इसके प्रतिउत्तर में किसी आवेदन की वजह से किसी मामले में कोई कानूनी कार्रवाई या कोई विवाद पैदा होता है तो किसी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्रवाई केवल मुम्बई में शुरु हो सकती है और केवल मुम्बई में स्थित न्यायालयों/ट्रिब्युनलों/फोरमों के एकल और एकमात्र अधिकार क्षेत्र में ही वाद/मुकदमे की जांच होगी।

xxiii) उम्मीदवार का परीक्षा/साक्षात्कार में प्रवेश पूर्णतया अनंतिम है। उम्मीदवार को कॉल लेटर भेजा गया है, केवल इस तथ्य का आशय यह नहीं है कि उसकी उम्मीदवारी को रिज़र्व बैंक ने पूरी तरह से स्वीकार कर लिया है।

अनुलग्नक I

**(i) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन करने के लिए मार्गदर्शन**

ऑन लाइन आवेदन करने से पहले यह जरुरी है कि उम्मीदवार अपनी फोटो और हस्ताक्षर को स्कैन की हुई (डिजिटल) इमेज बना लें और इसका तरीका निम्नानुसार रहेगा :

**फोटोग्राफ इमेज :**

- आपका फोटोग्राफ नवीनतम और पासपोर्ट स्टाइल की कलर पिक्चर होनी चाहिए।
- फोटो कलर होनी चाहिए, और बैक ग्राउंड हलके रंग में होनी चाहिए, बैकग्राउंड सफेद हो तो बेहतर रहेगा।
- शांत चेहरे से सीधे कैमरे की तरफ देखें।
- यदि फोटो धूप में लिया जा रहा हो तो खुद को छाया में रखते हुए फोटो खिंचवाएं ताकि आपकी आंखें बंद नहीं हों और परछाई भी नहीं बने।
- यदि फ्लैश का प्रयोग किया हो तो 'रेड आई' नहीं आने पाए।
- यदि आप चश्मा लगाते हों तो ध्यान रखें कि चश्मे की लेन्स में से आपकी आंखे दिखाई दें, रिफ्लेक्शन नहीं हो।
- टोपी, हैट और गहरे रंग के चश्मे वाले फोटो स्वीकार नहीं किए जाएंगे। धार्मिक पगड़ी आदि की अनुमति है लेकिन इससे आपका चेहरा ढका नहीं होना चाहिए।
- आकार 200 X 230 पिक्सेल (बेहतर)
- इमेज फाइल का साइज 20kb – 50kb के बीच रहे।
- यह निश्चित कर लें कि स्कैन की हुई इमेज फाइल का आकार 50KB से ज्यादा नहीं हो। स्कैनिंग के दौरान यदि फाइल का साइज 50KB से अधिक बन रहा हो तो रिजोल्यशन, कलर संख्या आदि के लिए स्कैनर की सेटिंग बदल लें।

**(ii) हस्ताक्षर की इमेज :**

- उम्मीदवार सफेद कागज पर काली स्याही से हस्ताक्षर करें।
- उम्मीदवार स्वयं ही हस्ताक्षर करें, कोई दूसरा हस्ताक्षर नहीं करे।
- यही हस्ताक्षर हॉल टिकट पर और जहाँ भी जरुरी होगा, वहाँ प्रयोग किया जाएगा।
- यदि परीक्षा के समय उत्तर पुस्तिका पर आवेदक के हस्ताक्षर और हॉल टिकट पर किए गए हस्ताक्षर बेमेल हुए तो आवेदक अयोग्य हो जाएगा।
- आकार 140 X 60 पिक्सेल (बेहतर)
- इमेज फाइल का आकार 10kb –20kb के बीच रहे।
- निश्चित कर लें कि स्कैन की गई इमेज में फाइल का आकार 20KB से अधिक नहीं हो।

**(iii) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैनिंग :**

– स्कैनर को न्यूनतम 200dpi (dots per inch) के रिजोल्यूशन पर रखें।

– कलर को True Color पर रखें।

– फाइल का आकार ऊपर बताए अनुसार रखें।

– स्कैनर पर फोटो/हस्ताक्षर की इमेज पर एक दम किनारे तक Crop करें, फिर फाइल को सही आकार (ऊपर बताए अनुसार) का बनाने के लिए अपलोड एडिटर में इमेज को Crop करें।

– इमेज फाइल को JPG या JPEG फॉर्मेट में तैयार करें, जैसे कि फाइल का नाम : image01.jpg या image01.jpeg होना चाहिए। आप इमेज के आकार को फोल्डर फाइल की लिस्टिंग द्वारा या फाइल इमेज के आइकॉन पर माउस प्वांटर ले जाकर देख सकते हैं।

MS Windows / MSOffice का प्रयोग करने वाले उम्मीदवार फोटो और हस्ताक्षर को आसानी से 50KB और 20KB से अधिक आकार की jpeg फॉर्मेट में तैयार कर सकते हैं। इसके लिए MS Paint या MSOffice Picture Manager का प्रयोग कर सकते हैं। फोटो और हस्ताक्षर का स्कैन करके बनी हुई किसी भी फॉर्मेट की फाइल को File menu में 'Save As' विकल्प का प्रयोग करके आसानी से jpg फॉर्मेट में 50KB (फोटोग्राफ) और 20KB(हस्ताक्षर) से कम की फाइल तैयार की जा सकती है। फाइल का आकार कम करने के लिए 'image' मेनू में crop और फिर resize विकल्प (कृपया ऊपर दिए हुए (i) और (ii) को देखें – जिनमें पिक्सेल आकार बताए गए हैं) का प्रयोग करें। दुसरे फोटो एडिटरों में भी ऐसे विकल्प उपलब्ध हैं।

यदि फाइल का आकार और फॉर्मेट ऊपर बताए अनुसार नहीं हुआ तो error message दिखाई देगा।

ऑन लाइन आवेदन फॉर्म भरते समय उम्मीदवार पेज 1 पर अपने विवरण भरें। यह जांच लेने के बाद कि भरे गए सभी विवरण सही हैं और 'Submit/Next' बटन पर क्लिक करें जिसके बाद ऑन लाइन आवेदन फॉर्म के पेज 2 पर एक लिंक दिखाई देगा, जिसके अनुसार अपना फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करें।

**(iv) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने का तरीका**

- फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग अलग लिंक रहेंगे।
- संबंधित लिंक अर्थात "Upload Photograph / Signature" पर क्लिक करें।
- उस लोकेशन को Browse करें जहाँ आपने स्कैन किए हुए फोटो/हस्ताक्षर की फाइल सेव की है।
- फाइल पर क्लिक करके उसका चयन करें।
- 'Upload' बटन पर क्लिक करें।
- यदि आप अपना फोटो और हस्ताक्षर बताए अनुसार अपलोड नहीं करेंगे को आपका ऑन लाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा।

नोट :

- यदि फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है तो उम्मीदवार का आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।
- उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि पंजीकरण के बाद सिस्टम से तैयार किए गए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट आउट निकाल लें।
- यदि फोटो या हस्ताक्षर अस्पष्ट हों तो उम्मीदवार अपने आवेदन को एडिट करें और अपने फोटो या हस्ताक्षर को फिर से अपलोड करें।

अनुलग्नक II

**फॉर्म – ए**

**सेवा–मुक्त/सेवानिवृत्त कार्मिक हेतु प्रमाणपत्र का फॉर्म**

यह प्रमाणित किया जाता है कि नं. ......................... रैन्क .................... नाम ..........................................., जिसकी जन्मतिथि ..................... है, ने ................ से ................. तक थल/जल/वायु सेना में सेवा की है।

2. इन्हें सैन्य सेवा से कार्यमुक्त किया गया है :

# क) नियोजन के पूरा होने पर जिसमें निम्नलिखित शामिल नहीं है

(i) बर्खास्तगी, या

(ii) कदाचार या अकुशलता के कारण डिस्चार्ज, या

(iii) बिना पेन्शन के उनके स्वयं के अनुरोध पर, या

(iv) इस प्रकार के कार्यमुक्ति को रिज़र्व पेन्डिंग में अंतरित नहीं किया गया है।

# ख) सैन्य सेवा के दौरान शारीरिक अक्षमता के कारण।

# ग) कम–से–कम पाँच साल की सैन्य सेवा करने के बाद इनवैलिडमेन्ट होने पर

3. वह भूतपूर्व सैनिक (केन्द्रीय सिविल सेवाओं और पदों पर पुन: रोजगार) नियमावली, 1979, समय–समय पर यथा संशोधित, की परिभाषा के दायरे में आते हैं।

स्थान :

सक्षम प्राधिकारी का हस्ताक्षर, नाम और पदनाम**

सील

तारीख

# जो पैराग्राफ लागू नहीं हो उसे हटा दिया जाए।

**फॉर्म – बी**

सेना में कार्यरत कार्मिक हेतु प्रमाणपत्र का फॉर्म

(ऐसे सेवारत कार्मिक के लिए जो एक साल के भीतर कार्यमुक्त होने वाला है)

यह प्रमाणित किया जाता है कि नं........ रैन्क....... नाम....... थल/जल/वायु सेना में................. से कार्यरत है।

2. वह अपने नियोजन की निर्धारित अवधि पूरी होने पर............ को कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त हो जाएगा।

3. उसके खिलाफ कोई अनुशासनिक कार्रवाई लंबित नहीं है।

स्थान :

सक्षम प्राधिकारी का हस्ताक्षर, नाम और पदनाम**

सील

तारीख :

(अगले पृष्ठ पर जारी)

## फॉर्म सी

ऐसे सेवारत सशस्त्र बल कार्मिकों द्वारा दिया जाने वाला वचनपत्र जो एक साल के भीतर कार्यमुक्त हो जाएंगे

1) मैं समझता हूं कि इस आवेदन का जिस भर्ती/परीक्षा से संबंध है उसके आधार पर यदि चयन हो जाता है, तो मेरी नियुक्ति इस शर्त के अधीन होगी कि नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी की संतुष्टि के लिए इस आशय का दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करूं कि सशस्त्र बलों से मुझे विधिवत कार्यमुक्त/डिस्चार्ज कर दिया गया है और मैं भूतपूर्व सैनिक (केन्द्रीय सिविल सेवाओं और पदों पर पुन: रोजगार) नियमावली, 1979, समय–समय पर यथासंशोधित, के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों को प्राप्त होने वाले लाभों का पात्र हूँ।

2) मैं यह भी समझता हूं कि इस नियुक्ति से पहले यदि किसी भी समय मैंने रिक्तियों के लिए भूतपूर्व सैनिक को प्राप्त होने वाले आरक्षण की रियायती का लाभ लेते हुए सिविल साइड (सरकारी उपक्रमों, स्वायत्त निकायों/सांविधिक निकायों, राष्ट्रीयकृत बैंकों, आदि सहित) में कोई रोजगार प्राप्त कर लिया है तो इस परीक्षा के तहत भर्ती के संबंध में भूतपूर्व सैनिक हेतु आरक्षित रिक्ति पर नियुक्ति का पात्र नहीं रहूंगा।

स्थान :

तारीख : उम्मीदवार का नाम और हस्ताक्षर

## फॉर्म – डी

ऐसे सेवारत सशस्त्र बल कार्मिकों के लिए अनुमेय प्रमाणपत्र का फॉर्म जो अपने आरंभिक नियोजन की अवधि पहले ही पुरी कर चुके हैं और जो विस्तारित नियोजन पर नहीं हैं।

यह प्रमाणित किया जाता है कि नं.................................... रैन्क.................................. नाम....................................... जिसकी जन्मतिथि...................है,.........................................से थल/जल/वायु सेना में सेवारत है।

2. वह.............. को अपना पाँच वर्ष का आरंभिक नियोजन पहले ही पूरा कर चुके हैं और..................... तक विस्तारित नियोजन पर हैं।

3. सिविल रोजगार हेतु उनके आवेदन पर कोई आपत्ति नहीं है और चयन हो जाने पर नियुक्ति प्रस्ताव पत्र की प्राप्ति की तारीख के बाद तीन माह के नोटिस पर उसे कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

स्थान :

तारीख : सक्षम प्राधिकारी का हस्ताक्षर,
नाम और पदनाम**
सील

**सशस्त्र बल कार्मिकों को आयु में रियायत का प्रमाणपत्र जारी करने हेतु सक्षम प्राधिकारी निम्नानुसार हैं :

क) ECO/SSCO सहित कमीशन्ड अधिकारियों के मामले में: थलसेना: सेना सचिव शाखा, थलसेना मुख्यालय, नई दिल्ली; जलसेना: कार्मिक निदेशालय, जलसेना मुख्यालय, नई दिल्ली; वायुसेना : कार्मिक अधिकारी निदेशालय वायुसेना मुख्यालय, नई दिल्ली।

ख) JCO/OR और इनके समकक्ष जलसेना और वायुसेना के मामले में : थल सेना : विभिन्न रेजिमेन्टल रिकार्ड कार्यालयों द्वारा; जलसेना : बीएबीएस, मुम्बई द्वारा; वायुसेना: वायुसेना रिकार्ड, नई दिल्ली द्वारा।

भारतीय रिज़र्व बैंक में सहायकों की भर्ती

अनुलग्नक III

| क्रमांक | केन्द्र | क्रमांक | केन्द्र | क्रमांक | केन्द्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **अंडमान और निकोबार** | | हजारीबाग | | राउरकेला |
| | पोर्टब्लेयर | | जमशेदपुर | 26. | **पुदुचेरी** |
| 2. | आंध्र प्रदेश | | रांची | | पुदुचेरी |
| | ईस्ट गोदावरी | 15. | **कर्नाटक** | 27. | **पंजाब** |
| | गुंटूर | | बंगलुरू | | अमृतसर |
| | हैदराबाद | | बेलगाम | | भटिंडा |
| | कडप्पा | | बेलारी | | जलंधर |
| | करीमनगर | | बीदर | | लुधियाना |
| | कुरनूल | | बीजापुर | | मोहाली |
| | नेल्लूर | | चिकबालपुर | | पटियाला |
| | राजमुन्दरी | | धारवाड | | लालरू |
| | रंगारेड्डी | | गदग | 28. | **राजस्थान** |
| | विजयवाडा | | हासन | | अजमेर |
| | विशाखापट्टनम | | हावेरी | | भरतपुर |
| | वारंगल | | गुलबर्गा | | भीलवाड़ा |
| | तिरुपति | | हुबली | | बीकानेर |
| 3. | **अरुणाचल प्रदेश** | | मंगलोर | | चित्तौड़ गढ़ |
| | इटानगर | | मैसूर | | जयपुर |
| 4. | **असम** | | शिमोगा | | जोधपुर |
| | दिसपुर | | तुमकुर | | कोटा |
| | डिब्रूगढ़ | | उडूपी | | पिलानी |
| | गुवाहाटी | 16. | **केरल** | | सीकर |
| | जोरहाट | | एर्नाकुलम | | उदयपुर |
| | कामरूप | | कून्नुर | 29. | **सिक्किम** |
| | कोकराझार | | कोच्चि | | गंगटोक |
| | सिलचर | | कसारागोड | 30. | **तमिलनाडु** |
| 5. | **बिहार** | | कोट्टायम | | चेन्नै |
| | आरा | | कोजीकोड | | कोयम्बतूर |
| | भागलपुर | | मल्लापुरम | | धरमपुरी |
| | दरभंगा | | पल्लाकाड | | इरोड नार्थ |
| | गया | | त्रिचूर | | कुम्बाकोनम |
| | हाजीपुर | | तिरुवनंतपुरम | | मदुराई |
| | मुजफ्फरपुर | 17. | **लक्षद्वीप** | | सालेम |
| | पटना | | कावारत्ती | | तंजावुर |
| | पुरनिया | 18. | **मध्य प्रदेश** | | तिरुचिरापल्ली |
| | समस्तीपुर | | भोपाल | | तिरुनेरविल्ली |
| 6. | **चंडीगढ़** | | ग्वालियर | | तिरुवल्लूर |
| | चंडीगढ़ | | इन्दौर | | तिरुवनमलाइ |
| | छत्तीसगढ़ | | जबलपुर | | वेलूर |
| | भिलाई | | सतना | 31. | **त्रिपुरा** |
| | बिलासपुर | | रीवा | | अगरतला |
| | दुर्ग | 19. | **महाराष्ट्र** | | जिरानिया |
| | रायपुर | | औरंगाबाद | 32. | **उत्तर प्रदेश** |
| 8. | **दमण और दिउ** | | अमरावती | | आगरा |
| | जामनगर | | कोल्हापुर | | अलीगढ़ |
| 9. | **गोवा** | | मुम्बई | | इलाहाबाद |
| | पणजी | | नागपुर | | बाराबंकी |
| 10. | **गुजरात** | | नांदेड | | बरेली |
| | अहमदाबाद | | नासिक | | फैजाबाद |
| | आणंद | | पुणे | | गाजियाबाद |
| | भावनगर | | सातारा | | गोरखपुर |
| | गांधीनगर | | ठाणे | | ग्रेटर नोयडा |
| | हिम्मतनगर | | अकोला | | हमीरपुर |
| | मेहसाना | | सांगली | | झांसी |
| | मोडासा | | भंडारा | | कानपुर |
| | नाडियाद | | सोलापुर | | लखनऊ |
| | नवसारी | | निगडी | | मथुरा |
| | जामनगर | | लातुर | | मेरठ |
| | राजकोट | | धुले | | मुरादाबाद |
| | सूरत | 20. | **मणिपुर** | | मुजफ्फरनगर |
| | वडोदरा | | इम्फाल | | नोयडा |
| 11. | **हरियाणा** | 21. | **मेघालय** | | रायबरेली |
| | हिसार | | शिलांग | | सीतापुर |
| | फरीदाबाद | | रिभोई | | सुलतानपुर |
| | गुड़गांव | 22. | **मिजोरम** | | उन्नाव |
| | कैथल | | अयजल | | वाराणसी |
| | करनाल | 23. | **नागालैन्ड** | 33. | **उत्तराखंड** |
| | कुरुक्षेत्र | | कोहिमा | | देहरादून |
| | रोहतक | 24 | **नई दिल्ली** | | हल्दवानी |
| | सोनीपत | | नई दिल्ली | 34. | **प. बंगाल** |
| 12. | **हिमाचल प्रदेश** | 25 | **ओडिशा** | | आसनसोल |
| | धर्मशाला | | बालासोर | | बर्धमान |
| | कुलू | | बेहरामपुर | | बेहरामपुर |
| | शिमला | | भुवनेश्वर | | दुर्गापुर |
| | सोलन | | कटक | | हुगली |
| 13. | **जम्मू और कश्मीर** | | संबलपुर | | हावड़ा |
| | बारमुला | | खुर्दा | | कल्याणी |
| | जम्मू | | धेनकनाल | | कोलकाता |
| | श्रीनगर | | बालासोर | | सिलीगुड़ी |
| 14. | **झारखंड** | | आंगुल | | |
| | बोकारो | | बारगढ़ | | |
| | धनबाद | | गंजम | | |